भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2489
दिनांक 03.08.2021 को उत्तर दिए जाने के लिए
.....

रसायनों और पेट्रोरसायनों का आयात

2489: श्री महेंद्र सिंह सोलंकी:

क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या पिछले तीन वर्षों के दौरान रसायनों और पेट्रोरसायनों के आयात में वृद्धि हुई है;
(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;
(ग) क्या उक्त अवधि के दौरान रसायनों और पेट्रोरसायन के घरेलू उत्पाद में गिरावट आई है;
(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और बढ़ती हुई घरेलू मांग को पूरा करने के लिए किए गए उपचारात्मक उपायों का ब्यौरा क्या है; और
(ङ) रसायनों के आयात पर कोविड-19 के प्रभाव के बारे में ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री मनसुख मांडविया)

(क) और (ख): पिछले तीन वर्षों के दौरान रसायनों और पेट्रोरसायनों का आयात निम्नानुसार है:

वर्ष	आयात (करोड़ रुपये में)
2018-19	394834
2019-20	359660
2020-21 #	373708

(स्रोत: डीजीसीआईएस, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय)
 # वर्ष 2020-21 के लिए डेटा अनंतिम है

जारी....2

अपर्याप्त घरेलू उत्पादन क्षमता और उत्पादन की तुलनात्मक रूप से अधिक लागत, कोविड-19 के कारण 2019-20 की तुलना में वर्ष 2020-21 में रसायनों और पेट्रोरसायनों के आयात में वृद्धि हुई। हालांकि, 2018-19 की तुलना में 2020-21 में आयात कम है।

(ग) और (घ): विभाग द्वारा मॉनिटर किए गए प्रमुख रसायनों और पेट्रोरसायनों के घरेलू उत्पादन के आंकड़ों के आधार पर, पिछले तीन वर्षों में प्रमुख रसायनों और पेट्रोरसायनों का उत्पादन निम्नानुसार है:

			उत्पादन (000' मीट्रिक टन में)
	2018-19	2019-20	2020-21 #
रसायन और पेट्रोरसायन	49108	55467	53348

 # वर्ष 2020-21 के लिए डेटा अनंतिम है

2018-19 की तुलना में 2020-21 में प्रमुख रसायनों और पेट्रोरसायनों का घरेलू उत्पादन बढ़ा है। हालांकि, 2019-20 की तुलना में वर्ष 2020-21 में घरेलू उत्पादन में मामूली गिरावट मौजूदा कोविड-19 महामारी के कारण है। इस संबंध में, फीडस्टॉक/बिल्डिंग ब्लॉक्स/इंटरमीडिएट्स के साथ-साथ कुछ रसायनों और पेट्रोरसायनों पर सीमा शुल्क के युक्तिकरण द्वारा उत्पादन बढ़ाने के लिए कदम उठाए गए हैं। इसके अलावा, रसायन क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए हितधारकों और विदेशी निर्माताओं के साथ हाइब्रिड मॉडल (वास्तविक और आभासी) में "इंडिया केम 2021" जैसे विभिन्न सम्मेलन/वेबिनार आयोजित किए गए हैं।

(ङ.): कोविड-19 महामारी के कारण, रसायनों का आयात 2019-20 में 359660 करोड़ रुपये से बढ़कर 2020-21 में 373708 करोड़ रुपये हो गया है। हालांकि, 2018-19 की तुलना में 2020-21 में रसायनों का आयात नहीं बढ़ा है।

*****